Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

UKPSC
Lower PCS

Previous YearPaper
(Preliminary)11 May, 2025

Teachingninja.in

खण्ड – 1 : सामान्य अध्ययन

1. निम्नलिखित में से किस नस्ल के पशुओं का संरक्षण एवं संवर्धन भ्रूण प्रत्यारोपण की तकनीक के माध्यम से किया जा रहा है ?
   (i) रेड सिन्धी नस्ल के पशुओं का
   (ii) साहीवाल नस्ल के पशुओं का
   (iii) गिर नस्ल के पशुओं का
   (a) (i) तथा (ii) (b) केवल (i) (c) (i), (ii) तथा (iii) (d) (ii) तथा (iii)

2. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची – I	सूची – II
(A) उत्तराखण्ड में लिंगानुपात (2011)	(1) 890
(B) उत्तराखण्ड में बाल लिंगानुपात (2011)	(2) 963
(C) जनसंख्या घनत्व उत्तराखण्ड (2011)	(3) 189
(D) शिशु मृत्यु दर उत्तराखण्ड (2016)	(4) 038

   (a) (A)-(2), (B)-(1), (C)-(3), (D)-(4) (b) (A)-(2), (B)-(3), (C)-(4), (D)-(1)
   (c) (A)-(1), (B)-(4), (C)-(3), (D)-(2) (d) (A)-(2), (B)-(3), (C)-(1), (D)-(4)

3. 'बिल लाओ, इनाम पाओ' योजना का सम्बंध _____ के साथ है ।
   (a) कर विभाग (b) कृषि विभाग
   (c) व्यापार विभाग (d) कीमत नीति

4. उत्तराखण्ड राज्य में सर्वाधिक एवं न्यूनतम वन प्रतिशत वाले जिले क्रमशः हैं :
   (a) नैनीताल और उधमसिंह नगर (b) अल्मोड़ा और पौड़ी गढ़वाल
   (c) पिथौरागढ़ और चम्पावत (d) पिथौरागढ़ और पौड़ी गढ़वाल

5. उत्तराखण्ड में प्रथम बार राष्ट्रपति शासन कब लगाया गया ?
   (a) 20 मार्च, 2016 (b) 25 मार्च, 2016
   (c) 26 मार्च, 2016 (d) 27 मार्च, 2016

6. बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एम.पी.आई.) प्रगति समीक्षा 2023 में एन एफ एच एस-5 (2019-21) के अनुसार, उत्तराखण्ड में बहुआयामी गरीबों का प्रतिशत कितना था ?
   (a) 9.67% (b) 10.70% (c) 8.67% (d) 9.21%

7. वर्ष 2023-24 में उत्तराखण्ड की आर्थिक वृद्धि दर _____ रही ।
   (a) 5.40% (b) 7.58% (c) 7.18% (d) 6.20%

8. वर्ष 2023-24 में उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था में प्राथमिक क्षेत्र का योगदान (प्रचलित भाव पर) है :
   (a) 9.99% (b) 9.43% (c) 9.44% (d) 9.23%

9. उत्तराखण्ड में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   (1) 1 दिसम्बर, 2018 से प्रारम्भ की गयी ।
   (2) तृतीय किस्त 1 दिसम्बर से 31 मार्च तक अवमुक्त की जाती है ।
   नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये :
   कूट :
   (a) केवल (1) (b) दोनों (1) एवं (2) (c) केवल (2) (d) न तो (1) ना ही (2)

Teachingninja.in

10. उत्तराखण्ड में प्रचलित निम्न में से किस व्यवस्था को 'गांधी पुलिस' के नाम से जाना जाता है ?
(a) प्रान्तीय रक्षा दल
(b) राजस्व पुलिस व्यवस्था
(c) उत्तराखण्ड पर्यटन पुलिस
(d) होमगार्ड

11. निम्न में से उत्तराखण्ड की कौन सी विधान-सभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है ?
(a) खटीमा विधान-सभा सीट
(b) चकराता विधान-सभा सीट
(c) पिण्डर विधान-सभा सीट
(d) धारचूला विधान-सभा सीट

12. उत्तराखण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(1) ब्रिटिश सरकार ने पी. विन्धम की अध्यक्षता में 1921 में वन शिकायत समिति का गठन किया था ।
(2) इस समिति को कुमाऊँ वन शिकायत समिति के नाम से भी जाना जाता है ।
नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :
(a) केवल (1) (b) केवल (2) (c) दोनों (1) एवं (2) (d) न तो (1) न ही (2)

13. वर्ष 2024 के लिये किस लेखक को उत्तराखण्ड का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार 'उत्तराखण्ड साहित्य भूषण' दिया गया है ?
(a) पंकज बिष्ट (b) बटरोही (c) सुभाष पंत (d) मृणाल पांडे

14. उत्तराखण्ड ने हाल ही में, _____ में अपनी पहली वाइन उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया है ।
(a) देहरादून (b) टिहरी (c) मुनस्यारी (d) कोटद्वार

15. वर्ष 2025 में उत्तराखण्ड से किस समाज सेवी को पद्मश्री सम्मान मिला है ?
(a) बसंती बिष्ट
(b) चंडी प्रसाद भट्ट
(c) राधा भट्ट
(d) अनिल जोशी

16. क्रिकेट के क्षेत्र में 'देवभूमि उत्तराखण्ड खेल रत्न पुरस्कार' किस खिलाडी को मिला है ?
(a) एकता बिष्ट (b) मनोज सरकार (c) लक्ष्य सेन (d) गुरमीत सिंह

17. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 2023 में शुरू की गई हाउस ऑफ हिमालय योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन सा उत्पाद शामिल नहीं है ?
(a) जंगली वन शहद
(b) पश्मीना शॉल
(c) पहाड़ी राजमा
(d) हिमालयी लाल चावल

18. उत्तराखण्ड राज्य में PM JAN MAN योजना के सही लाभार्थी की पहचान करें ।
(a) भोटिया जनजाति
(b) बुक्सा और राजि जनजाति
(c) थारू जनजाति
(d) जौनसारी जनजाति

19. उत्तराखण्ड राज्य का वित्तीय डाटा केंद्र कहाँ स्थित है ?
(a) देहरादून (b) हरिद्वार (c) रुड़की (d) पिथौरागढ़

20. निम्नलिखित में से कौन कुमाऊँ का प्रथम ब्रिटिश कमिश्नर था ?
(a) एडवर्ड गार्डनर (b) हेनरी रैम्जे (c) जी.डब्ल्यू. ट्रेल (d) जॉर्ज गैबन

21. सन् 1814 में ब्रिटिश-गोरखा युद्ध के दौरान ब्रिटिश गवर्नर जनरल कौन थे ?
(a) ई. गार्डनर (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस (c) लॉर्ड हेस्टिंग्स (d) लॉर्ड डलहौज़ी

22. उत्तराखण्ड के गठन के बाद अंतरिम विधान-सभा के अध्यक्ष कौन थे ?
(a) भगत सिंह कोश्यारी
(b) प्रकाश पन्त
(c) नित्यानन्द स्वामी
(d) नारायण दत्त तिवारी

Teachingninja.in

23. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए संयोजनों में से सही विकल्प चुनिए :

सूची – I (रोग)		सूची – II (कारक)	
(A)	टाइफाइड	(I)	स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनी
(B)	न्यूमोनिया	(J)	राइनोवायरस
(C)	हाथी–पाँव	(K)	वूचेरेरिया
(D)	सामान्य जुकाम	(L)	साल्मोनेला टाइफी

(a) (A) – (L), (B) – (I), (C) – (K), (D) – (J)
(b) (A) – (I), (B) – (J), (C) – (L), (D) – (K)
(c) (A) – (L), (B) – (I), (C) – (J), (D) – (K)
(d) (A) – (K), (B) – (J), (C) – (L), (D) – (I)

24. निम्नलिखित में से कौन सा अधात्विक खनिज है ?
(a) बॉक्साइट (b) हेमाटाइट (c) अभ्रक (d) मैग्नेटाइट

25. सौरमंडल में अधिकांश क्षुद्रग्रह (ऐस्टेरॉइड्स) निम्न ग्रहों की कक्षाओं के मध्य स्थित हैं :
(a) मंगल एवं बृहस्पति (b) बृहस्पति एवं शनि (c) पृथ्वी एवं मंगल (d) शुक्र एवं पृथ्वी

26. निम्नलिखित में से कौन सा एक चित्र (image) फाइल का एक्सटेन्शन नहीं है ?
(a) .पीएनजी (.png) (b) .जेपीईजी (.jpeg) (c) .टीआईएफएफ (.tiff) (d) .सीओएम (.com)

27. निम्नलिखित में से कौन सी कम्प्यूटर की प्राथमिक मेमोरी (Primary Memory) है ?
(a) हार्ड डिस्क (Hard disk) (b) रैम (RAM)
(c) यूएसबी (USB) ड्राइव (d) डीवीडी (DVD)

28. कम्प्यूटर को नेटवर्क से जोड़ने के लिए किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है ?
(a) स्कैनर (b) प्रिंटर (c) राउटर (d) रैम

29. निम्नलिखित में से कौन सा कम्प्यूटर हार्डवेयर (Hardware) नहीं है ?
(a) रोम चिप (b) हार्ड डिस्क (c) लिनक्स (d) मदरबोर्ड

30. निम्नलिखित में से कौन ई–मेल सेवा प्रदाता है ?
(a) लिनक्स (b) याहू मेल (c) फोटोशॉप (d) एमएस–वर्ड

31. कौशाम्बी निम्नलिखित में से किस महाजनपद की राजधानी थी ?
(a) सूरसेन (b) कंबोज (c) कुरु (d) वत्स

32. अलवार संत निम्नलिखित में से किस एक धर्म से संबंधित थे ?
(a) शैव (b) वैष्णव (c) जैन (d) बौद्ध

33. प्राचीन भारत में 'विष्टि' क्या था ?
(a) बलात् श्रम (b) व्यापार एवं वाणिज्य कर (c) मंदिर कर (d) सिंचाई कर

34. निम्नलिखित में से किस बहुलक का उपयोग विद्युत स्विच बनाने के लिए किया जाता है ?
(a) ग्लिप्टल (b) पॉलिस्टाइरीन (c) बैकेलाइट (d) पॉलिप्रोपेन

35. एक मानव शरीर कोशिका में अधिकांश प्रोटीन का संश्लेषण निम्नलिखित में होता है :
(a) सूत्रकणिका (b) लवक (c) लाइसोसोम (d) राइबोसोम

36. निम्नलिखित में से कौन सा एक पादप हॉर्मोन है ?
(a) इन्सुलिन (b) थायरॉक्सिन (c) ऑइस्ट्रोजन (d) साइटोकाइनिन

37. निम्नलिखित में से किस तत्त्व का घनत्व सर्वाधिक है ?
(a) सोडियम (b) पारा (c) सोना (d) लोह

Teachingninja.in

38. इल्बर्ट बिल विवाद किसके काल में हुआ ?
(a) रिपन (b) इल्गिन (c) कैनिंग (d) कर्जन

39. निम्नलिखित में से किसने 'मित्र मेला' संगठन की स्थापना की ?
(a) वी.डी. सावरकर (b) गणेश शंकर विद्यार्थी (c) लाला हरदयाल (d) रोशन सिंह

40. भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत निम्नलिखित वादों पर विचार कीजिए तथा इन्हें सबसे पहले से लेकर अंतिम निर्णीत के सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :
(I) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य
(II) गोपालन बनाम मद्रास राज्य
(III) एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ
(IV) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) (I), (II), (III), (IV) (b) (II), (IV), (I), (III)
(c) (IV), (III), (II), (I) (d) (IV), (I), (II), (III)

41. नीति आयोग अस्तित्व में आया
(a) राष्ट्रीय विकास परिषद के स्थान पर (b) अन्तर्राज्य परिषद के स्थान पर
(c) योजना आयोग के स्थान पर (d) क्षेत्रीय परिषद के स्थान पर

42. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन ने शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकारों में जोड़ा ?
(a) 86वाँ संशोधन (b) 90वाँ संशोधन (c) 93वाँ संशोधन (d) 95वाँ संशोधन

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(1) भारत के संविधान के अनुसार, संघीय संसद और राज्यों की विधायिकाएँ संप्रभु हैं ।
(2) सर्वोच्च न्यायालय के पास किसी कानून को असंवैधानिक घोषित करने की शक्ति है यदि वह संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध है ।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :
(a) केवल (1) सही है । (b) केवल (2) सही है ।
(c) (1) और (2) दोनों सही हैं । (d) (1) और (2) दोनों ही सही नहीं हैं ।

44. मुहम्मद बिन तुगलक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(1) दीवान-ए-अमीर कोही की स्थापना
(2) बाज़ार नियंत्रण का प्रारंभ
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल (1) (b) केवल (2) (c) दोनों (1) एवं (2) (d) न तो (1) ना ही (2)

45. शिवाजी के अष्टप्रधानों में निम्नलिखित में से कौन वित्त मंत्री होता था ?
(a) पेशवा (b) अमात्य (c) वाकिया-नवीस (d) दबीर

46. 1882 का हंटर आयोग संबंधित था
(a) सिंचाई (b) शिक्षा (c) अकाल (d) पुलिस

47. किस मुगल बादशाह को 'शाहे बेखबर' के नाम से जाना जाता है ?
(a) फर्रुखसियर (b) जहाँदरशाह (c) बहादुरशाह प्रथम (d) शाहआलम

Teachingninja.in

48. संवैधानिक संशोधन एवं उनसे जुड़े प्रावधानों को सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए :

सूची – I	सूची – II
(A) प्रथम संशोधन	(1) सिंधी भाषा को जोड़ा गया
(B) 21वाँ संशोधन	(2) मतदान करने की आयु 21 से 18 की गई
(C) 52वाँ संशोधन	(3) 9वीं अनुसूची जोड़ी गयी
(D) 61वाँ संशोधन	(4) 10वीं अनुसूची जोड़ी गयी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) (A)-(1), (B)-(3), (C)-(2), (D)-(4)
(b) (A)-(1), (B)-(3), (C)-(4), (D)-(2)
(c) (A)-(3), (B)-(1), (C)-(2), (D)-(4)
(d) (A)-(3), (B)-(1), (C)-(4), (D)-(2)

49. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची – I	सूची – II
(A) जनजातीय सलाहकार परिषद	(1) दूसरी अनुसूची
(B) राज्य सभा में सीटों का आवंटन	(2) पाँचवीं अनुसूची
(C) भाषाएँ	(3) चौथी अनुसूची
(D) सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों से संबंधित प्रावधान	(4) आठवीं अनुसूची

(a) (A)-(1), (B)-(2), (C)-(3), (D)-(4)
(b) (A)-(4), (B)-(3), (C)-(2), (D)-(1)
(c) (A)-(2), (B)-(4), (C)-(1), (D)-(3)
(d) (A)-(2), (B)-(3), (C)-(4), (D)-(1)

50. निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से लेकर अंतिम गतिविधि तक :

I. भारत के संविधान में मूल कर्तव्य जोड़े गए
II. चीनी आक्रमण के कारण आपातकाल की घोषणा
III. सूचना का अधिकार अधिनियम
IV. पंचायती राज के लिए 73वाँ संशोधन अधिनियम

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

(a) IV, III, II, I
(b) II, I, IV, III
(c) I, II, III, IV
(d) III, IV, I, II

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता का उल्लेख भारत के संविधान के अनुच्छेद–44 के अंतर्गत किया गया है ।
(2) उत्तराखण्ड एक समान सिविल संहिता लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बना ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल (1) सही है ।
(b) केवल (2) सही है ।
(c) दोनों (1) और (2) सही हैं ।
(d) (1) और (2) दोनों सही नहीं हैं ।

52. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म (संविधान का प्रावधान व उसका स्रोत) सही सुमेलित नहीं है ?

(a) संसदीय व्यवस्था – ब्रिटेन
(b) मौलिक अधिकार – संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) मौलिक कर्तव्य – सोवियत संघ
(d) राज्य के नीति निदेशक तत्त्व – दक्षिण अफ्रीका

Teachingninja.in

53. भारत के केन्द्रीय बजट 2025–26 के अनुसार, वर्ष 2025–26 के लिए अनुमानित राजकोषीय घाटा है –
(a) जी.डी.पी. का 3.6 प्रतिशत
(b) जी.डी.पी. का 4.4 प्रतिशत
(c) जी.डी.पी. का 5.9 प्रतिशत
(d) जी.डी.पी. का 7.1 प्रतिशत

54. एस.एस. तारापोर समिति (1997) की सिफारिशों के परिणामस्वरूप, भारत ने पूर्ण हासिल की है :
(1) चालू खाता परिवर्तनीयता ।
(2) पूँजी खाता परिवर्तनीयता ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल (1) (b) दोनों (1) एवं (2) (c) केवल (2) (d) न तो (1) ना ही (2)

55. मुद्रा योजना के अंतर्गत योजनाएँ हैं
(a) शिशु, किशोर और तरुण
(b) शिशु, तरुण और वृद्ध
(c) किशोर, तरुण और युवा
(d) तरुण, युवा और वृद्ध

56. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की स्थापना कब की गई थी ?
(a) 1982 (b) 1980 (c) 1992 (d) 1985

57. निम्नलिखित में से किस समिति ने लचीली मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण को अपनाने का सुझाव दिया ?
(a) रेड्डी समिति (b) रघुराम राजन समिति (c) एन.के. सिंह समिति (d) उर्जित पटेल समिति

58. केन्द्रीय बजट 2025–26 की मुख्य थीम (विषय) क्या है ?
(a) 'सक्षम भारत' (b) 'आत्मनिर्भर भारत' (c) 'सबका विकास' (d) 'जन विश्वास'

59. भारत के 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(1) इसे 2015 में शुरू किया गया ।
(2) इसका उद्देश्य 100 अल्पविकसित जिलों को परिवर्तित करना है ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल (1) (b) दोनों (1) एवं (2) (c) केवल (2) (d) न तो (1) ना ही (2)

60. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म (उच्च न्यायालय – स्थायी बेंच) सही सुमेलित नहीं है ?
(a) कर्नाटक – धारवाड़
(b) राजस्थान – जयपुर
(c) बॉम्बे – नागपुर
(d) मध्य प्रदेश – भोपाल

61. 'प्लान्ड इकोनॉमी फॉर इण्डिया' (1934) पुस्तक किसने लिखी थी ?
(a) वी.के.आर.वी. राव
(b) एम. विश्वेस्वरैया
(c) के.एन. राय
(d) मनमोहन सिंह

62. निम्नलिखित RBI के गवर्नरों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें : (अतीत से वर्तमान तक)
(1) पी.सी. भट्टाचार्य (2) सी. रंगराजन (3) बिमल जालान (4) एन.सी. सेनगुप्ता
(a) (3), (4), (2), (1)
(b) (1), (2), (3), (4)
(c) (1), (4), (2), (3)
(d) (4), (3), (2), (1)

63. निम्न का मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

(1)	SDG 6	(A)	साफ पानी तथा स्वच्छता
(2)	SDG 13	(B)	शांति, न्याय तथा मजबूत संस्थायें
(3)	SDG 10	(C)	असमानताओं में कमी
(4)	SDG 16	(D)	जलवायु कार्यवाही

कूट :
(a) (1)-(A), (2)-(B), (3)-(C), (4)-(D)
(b) (1)-(A), (2)-(D), (3)-(C), (4)-(B)
(c) (1)-(B), (2)-(A), (3)-(D), (4)-(C)
(d) (1)-(D), (2)-(C), (3)-(B), (4)-(A)

Teachingninja.in

64. नीचे दो कथन दिए गये हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

अभिकथन (A) : हिमालय में समृद्ध जैवविविधता है ।

कारण (R) : हिमालय में विविध जलवायु परिस्थितियाँ और ऊँचाई में भिन्नताएँ हैं, जो विविध वनस्पति और जीवों का कारण बनती है ।

नीचे दिए गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।

(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

65. भारतमाला परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) भारतमाला परियोजना का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में संरचनात्मक भिन्नताओं को समाप्त कर सड़क परिवहन दक्षता को बढ़ाना है ।

(2) भारतमाला परियोजना में भारत की सीमाओं के साथ राजमार्गों का विकास भी शामिल है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा मिल सके ।

सही विकल्प चुनिये :

(a) (1) सही है, लेकिन (2) गलत है ।

(b) दोनों (1) और (2) सही हैं ।

(c) (2) सही है, लेकिन (1) गलत है ।

(d) दोनों (1) और (2) गलत हैं ।

66. पश्चिमी घाट की निम्नलिखित चोटियों को उनकी ऊँचाई के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें :

I. कुद्रेमुख II. सालहेर III. पुष्पगिरि IV. महाबलेश्वर

(a) I, III, II, IV (b) II, I, IV, III (c) III, II, I, IV (d) III, I, IV, II

67. पूर्व से पश्चिम की ओर स्थित लोहा इस्पात संयंत्र के निम्नलिखित अनुक्रमों में कौन सा एक सही है ?

(a) दुर्गापुर, जमशेदपुर, राउरकेला, भिलाई

(b) दुर्गापुर, राउरकेला, जमशेदपुर, भिलाई

(c) दुर्गापुर, जमशेदपुर, भिलाई, राउरकेला

(d) दुर्गापुर, भिलाई, जमशेदपुर, राउरकेला

68. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I (परमाणु ऊर्जा संयंत्र)	सूची – II (राज्य)
(A) तारापुर	(1) गुजरात
(B) कैगा	(2) महाराष्ट्र
(C) कुडनकुलम	(3) तमिलनाडु
(D) काकरापार	(4) कर्नाटक

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	(1)	(2)	(3)	(4)
(b)	(2)	(4)	(3)	(1)
(c)	(3)	(4)	(1)	(2)
(d)	(4)	(1)	(2)	(3)

Teachingninja.in

69. किस भारतीय ने 12 दिसंबर, 2024 को सबसे कम उम्र का शतरंज विश्व चैम्पियन बनकर इतिहास रचा है ?
(a) विश्वनाथन आनंद (b) विदित गुजराथी (c) हरिका द्रोणावली (d) गुकेश डी

70. स्वतन्त्रता के बाद एक समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी.) लागू करने वाला भारत का पहला राज्य कौन सा है ?
(a) उत्तराखण्ड (b) उत्तर प्रदेश (c) मिज़ोरम (d) असम

71. 19वाँ जी-20 शिखर-सम्मेलन _____ में आयोजित किया गया ।
(a) टोक्यो (b) रियो डि जेनेरो (c) ओसाका-कोबे (d) सिंगापुर

72. जम्मू और कश्मीर विधानसभा आम चुनाव 2024 में अनुसूचित जातियों के लिये कितनी सीटें आरक्षित थीं ?
(a) 05 (b) 07 (c) 08 (d) 10

73. निम्नलिखित में से किस संस्थान ने भारत में अपनी पहली हेली-एम्बुलेंस सेवा शुरू की ?
(a) एम्स, नई दिल्ली (b) एम्स, ऋषिकेश (c) एम्स, भुवनेश्वर (d) एम्स, भोपाल

74. उत्तराखण्ड में आयोजित, 38वें राष्ट्रीय खेलों में दो सौ से अधिक पदक जीतने वाले एकमात्र राज्य का नाम बताइए ।
(a) पंजाब (b) तमिलनाडु (c) छत्तीसगढ़ (d) महाराष्ट्र

75. निम्नलिखित में से किस स्थान पर कुमाऊँ परिषद का द्वितीय अधिवेशन आयोजित किया गया था ?
(a) टनकपुर (b) चम्पावत (c) अल्मोड़ा (d) हलद्वानी

76. निम्नलिखित में से किस जिले में 'मोष्तामानु मेला' आयोजित होता है ?
(a) अल्मोड़ा (b) चम्पावत (c) नैनीताल (d) पिथौरागढ़

77. निम्नलिखित में से कौन 'कस्टमरी लॉ ऑफ कुमाऊँ' पुस्तक का लेखक है ?
(a) तारादत्त गैरोला (b) बी.पी. सक्सेना (c) पन्नालाल (d) एल.डी. जोशी

78. निम्नलिखित में से कौन सी नदी तिब्बत पठार से उत्पन्न होती है और इसे विश्व की सबसे लंबी सीमा पार करने वाली नदियों में से एक माना जाता है ?
(a) ब्रह्मपुत्र (b) सिन्धु (c) गंगा (d) यमुना

79. निम्न में से कौन सा भारतीय प्रदेश उष्णकटिबंधीय सवाना जलवायु विशेषताएँ रखता है ?
(a) कर्नाटक पठारी प्रदेश (b) राजस्थान रेगिस्तानी प्रदेश
(c) ओडिशा तटीय प्रदेश (d) केरल तटीय प्रदेश

80. "लौटता मानसून" की अवधारणा निम्नलिखित में से किस ऋतु से सम्बन्धित है ?
(a) ग्रीष्म ऋतु (b) शीत ऋतु (c) शरद ऋतु (d) बसन्त ऋतु

81. निम्नलिखित में से भारत के किस क्षेत्र में काली मिट्टी पाई जाती है ?
(a) छोटानागपुर पठार (b) दक्कन पठार (c) तराई क्षेत्र (d) सुन्दरबन क्षेत्र

Teachingninja.in

82. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

	प्राचीन स्थल	जिला
(a)	लाखामंडल	देहरादून
(b)	पांडुकेश्वर	चमोली
(c)	गोविषान	उधमसिंह नगर
(d)	बैजनाथ	पिथौरागढ़

83. निम्नलिखित में से कौन सा ताल केदारनाथ क्षेत्र में स्थित नहीं है ?

(a) चोराबाड़ी ताल (b) बासुकी ताल (c) सतोपंथ ताल (d) लोखाम ताल

84. टिहरी राज्य की प्रथम प्रिंटिंग प्रेस किस शासक के द्वारा प्रारम्भ की गई थी ?

(a) भवानी शाह (b) कीर्ति शाह (c) प्रताप शाह (d) सुदर्शन शाह

85. गढ़वाल शासकों की निम्नलिखित में से कौन सी क्रमानुसार सूची सही है ?

I. अजयपाल II. बलभद्रपाल III. सहजपाल IV. श्याम शाह

(a) I, II, IV, III (b) I, III, IV, II (c) I, III, II, IV (d) III, I, II, IV

86. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर दीजिये :

सूची – I आन्दोलन	सूची – II प्रणेता
(A) चिपको आन्दोलन	(1) गौरा देवी
(B) पाणी राखो आन्दोलन	(2) विजय जरधारी
(C) बीज बचाओ आन्दोलन	(3) कल्याण सिंह रावत
(D) मैती आन्दोलन	(4) सच्चिदानन्द भारती

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	(1)	(4)	(2)	(3)
(b)	(4)	(3)	(1)	(2)
(c)	(3)	(2)	(4)	(1)
(d)	(4)	(3)	(2)	(1)

87. कमिश्नर हैनरी रैम्जे द्वारा स्थापित 'बारह आना बीसी' व्यवस्था निम्नलिखित में से किस एक से सम्बन्धित थी ?

(a) भू–व्यवस्था (b) न्यायिक सुधार (c) युद्ध कोष (d) दुर्भिक्ष कोष

88. निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में गुरु गोविन्द सिंह एवं फ़तेहशाह के मध्य भंगाणी में युद्ध का उल्लेख है ?

(a) अकाल उस्तात (b) वृत विचार (c) बिचित्र नाटक (d) गुरु विलास

89. चमोली के भोटिया के संबंध में 'मैत' एवं 'गुनसा' से तात्पर्य है

(a) कर (b) मोटा अनाज (c) निवास–स्थान (d) आभूषण

Teachingninja.in

90. वसुधारा ताल एक _____ है।
(a) भूस्खलन झील (b) ज्वालामुखी झील (c) हिमनद झील (d) घोलीकरण झील

91. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तराखण्ड में निम्नलिखित में से किस अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या न्यूनतम है ?
(a) थारू (b) भोटिया (c) बुक्सा (d) वन राजि

92. निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिए गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :
(1) मुख्य सीमा भ्रंश शिवालिक को लघु हिमालय से पृथक करता है।
(2) शिवालिक हिमालय की नवीनतम पर्वत श्रेणी है।
कूट :
(a) केवल (1) (b) दोनों (1) और (2) (c) केवल (2) (d) न तो (1) ना ही (2)

93. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तराखण्ड में सर्वाधिक जनसंख्या वाले जनपदों का आरोही क्रम ___ है।
(a) हरिद्वार, उधमसिंह नगर, देहरादून
(b) हरिद्वार, चमोली, देहरादून
(c) देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर
(d) उधमसिंह नगर, देहरादून, हरिद्वार

94. भारत की जनगणना 2001 एवं 2011 के अनुसार, उत्तराखण्ड में 2001 और 2011 में जनसंख्या का घनत्व क्रमशः _____ था।
(a) 169 और 189 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी (b) 159 और 179 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी
(c) 169 और 179 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी (d) 159 और 189 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी

95. उत्तराखण्ड में निम्न में से किस वर्ष में बेलाकूची आपदा घटित हुई ?
(a) 1970 (b) 1974 (c) 1978 (d) 1968

96. निम्नलिखित पर्वत शिखरों को उनकी ऊँचाई के घटते हुए क्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :
I. केदारनाथ II. पंचाचूली III. नन्दा देवी IV. कामेट
(a) I, II, IV, III (b) II, III, I, IV (c) III, IV, I, II (d) II, I, IV, III

97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(1) फूलों की घाटी नन्दा देवी जीवमंडल का एक भाग है।
(2) नन्दा देवी जीवमंडल यूनेस्को के विश्व प्राकृतिक धरोहर स्थलों में से एक है।
नीचे दिए गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) केवल (1) (b) दोनों (1) एवं (2) (c) केवल (2) (d) न तो (1) ना ही (2)

98. अल्मोड़ा नगर _____ नदी के जलागम में स्थित है।
(a) गगास (b) कोसी और सुयाल (c) सुयाल (d) कोसी

99. निम्नलिखित में से किस स्थान में उत्तराखण्ड राज्य के प्रथम सुगन्ध उद्यान की स्थापना की गयी ?
(a) नैनीताल (b) रामनगर (c) लालकुआँ (d) काशीपुर

100. पनवाली उत्तराखण्ड का एक महत्वपूर्ण _____ है।
(a) ग्लेशियर (b) बुग्याल (c) नदी (d) चोटी

Teachingninja.in

खण्ड – 2 : सामान्य बुद्धि परीक्षण

101. उस शब्द को चुनें जिसका दिए गए शब्दों के बीच समान संबंध है।
अस्तबल, बिल, घोंसला
(a) माँद (b) मलिन बस्ती (c) शहर (d) झुण्ड

102. यदि 150 मी. लम्बी रेलगाड़ी एक खम्बे को 12 सेकण्ड में पार करती है, तो रेलगाड़ी की चाल किमी. प्रति घंटे क्या है ?
(a) 45 (b) 60 (c) 40 (d) 50

103. यदि A किसी दूरी के 30% को 20 किमी. प्रति घंटा से तय करता है और शेष दूरी को 70 किमी. प्रति घंटा से तय करता है, तो A की औसत चाल है :
(a) 40 किमी. प्र.घ. (b) 45 किमी. प्र.घ. (c) 50 किमी. प्र.घ. (d) 60 किमी. प्र.घ.

104. 1 से 41 तक सभी विषम संख्याओं का योग है :
(a) 372 (b) 505 (c) 398 (d) 441

105. यदि $3a = 4b = 6c$ और $a + b + c = 27\sqrt{29}$, तो $\sqrt{a^2 + b^2 + c^2}$ का मान है :
(a) $3\sqrt{29}$ (b) 81 (c) 87 (d) 89

106. दिये गये चित्र का अवलोकन करें। जहाँ पर आयत पुरुषों को दर्शाता है, वर्ग शिक्षित को दर्शाता है, त्रिभुज शहरी को दर्शाता है तथा वृत्त सिविल सेवक को दर्शाता है।
तब वो संख्या जो न ही शिक्षित है न ही शहरी, लेकिन सिविल सेवक पुरुष है, हैं :



□ – पुरुष
□ – शिक्षित
△ – शहरी
○ – सिविल सेवक
→ 10

(a) 4 (b) 10 (c) 16 (d) 9

107. दिये गये आरेख में, वृत्त A, B और C क्रमशः क्रिकेट, हॉकी और वॉलीबॉल खेलने वाले खिलाड़ियों को दर्शाते हैं।



A – क्रिकेट
B – Hocky
C – Bollyball

तब उन खिलाड़ियों की संख्या जो क्रिकेट और वॉलीबॉल खेल सकते हैं, परन्तु हॉकी नहीं खेल सकते हैं, है :
(a) 5 (b) 7 (c) 8 (d) 9

108. यदि 'A' का अर्थ '+', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '÷' तथा 'D' का अर्थ '–' है, तब
[(101A5B10) D(5A7B3D19)]C12 बराबर है :
(a) 11 (b) 13 (c) 12 (d) 19

109. किसी निश्चित भाषा में 'pne nat bis' का अर्थ है 'Smoking is harmful', 'vog bor nat' का अर्थ है 'Avoid harmful habits' और 'bor bis yel' का अर्थ है 'Please avoid smoking'। कौन से शब्द का अर्थ उस भाषा में 'habit' होगा ?
(a) vog (b) nat (c) bor (d) bis

Teachingninja.in

110. दी गयी आकृति में कुल कितने आयत हैं ?

(a) 15 (b) 20 (c) 16 (d) 23

111. दी गयी आकृति में कुल कितने त्रिभुज हैं ?



(a) 21 (b) 17 (c) 23 (d) 25

112. 21 लड़कियों की एक पंक्ति में, जब मोनिका अपनी दायीं ओर चार स्थान खिसकती है तो वह बायीं ओर से 12वें स्थान पर हो जाती है तब उसकी दायीं ओर से पंक्ति में प्रारम्भिक स्थिति क्या थी ?

(a) 10वीं (b) 12वीं (c) 14वीं (d) 16वीं

113. यदि '+' का अर्थ '÷', '×' का अर्थ '–', '÷' का अर्थ '×' और '–' का अर्थ '+' है, तो $8 + 6 \times 4 \div 3 - 4$ का मान है :

(a) –12 (b) 12 (c) $-\frac{20}{3}$ (d) $\frac{20}{3}$

114. A, B, C और D पत्तों का एक खेल खेलते हैं । A, B से कहता है, "अगर मैं आपको 8 पत्ते देता हूँ तो आपके पास C के बराबर पत्ते होगें और मेरे पास C की तुलना में 3 कम होगें । इसके अलावा अगर मैं C से 6 पत्ते लेता हूँ तो मेरे पास D के दोगुने पत्ते होंगे" । यदि B और D के पास एक साथ मिलाकर 50 पत्ते हैं, तो A के पास पत्ते हैं :

(a) 27 (b) 30 (c) 40 (d) 45

115. यदि Z = 52 तथा BAT = 46, तो HAT का मान होगा :

(a) 48 (b) 50 (c) 58 (d) 60

116. यदि TEACHER को 2513859 से कूटित किया जाता है, तो BOOK का कूट होगा :

(a) 2662 (b) 2335 (c) 3352 (d) 2345

117. एक परिवार के सभी छः सदस्य A, B, C, D, E तथा F एक साथ यात्रा कर रहे हैं । B, C का बेटा है लेकिन C, B की माँ नहीं है । A और C एक विवाहित जोड़ा है । E, C का भाई है । D, A की बेटी है । F, B का भाई है । A के कितने बच्चे हैं ?

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

18. गौरव 20 मीटर उत्तर की ओर चलता है । बायें मुड़कर वह 40 मीटर चलता है । फिर बायें मुड़कर वह 20 मीटर चलता है । पुनः दाहिने मुड़कर 20 मीटर चलता है । अब, वह अपने प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूरी पर है ?

(a) 20 मीटर (b) 30 मीटर (c) 50 मीटर (d) 60 मीटर

Teachingninja.in

119. निम्नलिखित श्रेणी का आठवाँ पद होगा :

2, 6, 18, 54, ...

(a) 4250 (b) 4370 (c) 4360 (d) 4374

120. दिये गये विकल्पों में से विलुप्त पद (?) का चयन करें :

DOG, GSL, JWQ, ?

(a) MAT (b) MAU (c) MBV (d) MAV

121. दिये गये विकल्पों में से विलुप्त पद (?) का चयन करें :

ABC6, DFG17, JLN36, ?

(a) XYZ20 (b) OPT51 (c) WXA25 (d) YZB51

122. उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्यायें उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित समुच्चयों की संख्यायें संबंधित हैं :

{3, 5, 1}, {4, 10, 2}

(a) {5, 6, 1} (b) {7, 3, 8} (c) {8, 34, 2} (d) {9, 10, 3}

123. उस शब्द जोड़ी का चयन करें जिसमें दो शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित शब्द जोड़ी में दो शब्द संबंधित हैं :

पुलिस : संरक्षण

(a) मंत्री : शासन (b) चोर : जेल (c) राजा : राज्य (d) शिक्षक : कक्षा

124. यदि 1 फरवरी, 2004 को मंगलवार है, तो 1 अप्रैल, 2004 को क्या दिन होगा ?

(a) सोमवार (b) मंगलवार (c) शनिवार (d) रविवार

125. एक चित्र की ओर इंगित करते हुए राधा ने प्रमोद से कहा "मैं इस महिला की इकलौती पुत्री हूँ और इनका पुत्र, तुम्हारा मामा है" । राधा प्रमोद के पिता से किस प्रकार संबंधित है ?

(a) बहन (b) पत्नी की बहन (c) माता (d) पत्नी

126. एक व्यापार सम्मेलन के अंत में वहाँ उपस्थित दस लोग एक दूसरे के साथ एक बार हाथ मिलाते हैं । कुल मिलाकर कितने हाथ मिलाये जायेंगे ?

(a) 35 (b) 40 (c) 45 (d) 50

127. दिये गये चित्र में विलुप्त संख्या (?) है :

(a) 65 (b) 70 (c) 75 (d) 60

128. एक पासा चार बार फेंका गया और इसकी चार अलग-अलग स्थितियाँ नीचे दी गई हैं :



6 के विपरीत सतह पर कौन सी संख्या है ?

(a) 1 (b) 3 (c) 2 (d) 4

129. निम्नलिखित श्रेणी में विलुप्त संख्या (?) है :

3, 7, 15, 31, 63, ?

(a) 98 (b) 102 (c) 127 (d) 129

Teachingninja.in

130. M, N, P, R, T, W, F और H एक गोल घेरे में बैठकर केन्द्र की ओर देख रहे हैं । P, M के बाएँ से तीसरे स्थान पर है और T के दाहिने से दूसरे स्थान पर है । N, P के दाहिने से दूसरे स्थान पर है । R, W के दाहिने से दूसरे स्थान पर है, जो M के दाहिने से दूसरे स्थान पर है । F, P का बगल का पड़ोसी नहीं है । P के दाहिने बगल में कौन बैठा है ?

(a) H (b) F (c) R (d) W

131. दी गयी आकृति में कुल कितने त्रिभुज हैं ?



(a) 15 (b) 16 (c) 17 (d) 18

132. जब 17^{21} को 16 से भाग दिया जाता है तो शेषफल है :

(a) 0 (b) 3 (c) 2 (d) 1

133. एक बंदर 12 मीटर ऊँचे बिजली के खम्बे पर चढ़ता है । पहले मिनट में वह 2 मीटर चढ़ता है और अगले मिनट में 1 मीटर नीचे फिसल जाता है । यदि यह क्रम जारी रहता है, तो बंदर कितने मिनट में खम्बे के शीर्ष पर चढ़ जायेगा ?

(a) 10 (b) 21 (c) 12 (d) 24

134. दी गई आकृति में लुप्त संख्या (?) ज्ञात कीजिये :

13	12	5
17	15	8
25	24	?
29	21	20

(a) 7 (b) 9 (c) 11 (d) 15

135. दिये गये विकल्पों में से विषम को चुनिये :

(a) जन्तु विज्ञान (b) भौतिक विज्ञान (c) रसायन विज्ञान (d) राजनीति विज्ञान

136. दो संख्याओं का औसत PQ है । यदि एक संख्या P है, तो दूसरी संख्या है :

(a) P(2Q – 1) (b) P(PQ – 1) (c) $\frac{PQ}{2}$ (d) Q

137. 5 वर्ष पहले, मेरी माँ और मेरी आयु का योग 40 वर्ष था । अब हमारी आयु का अनुपात 4 : 1 है । मेरी माँ की आयु कितनी है ?

(a) 32 वर्ष (b) 40 वर्ष (c) 60 वर्ष (d) 26 वर्ष

138. लुप्त संख्या (?) ज्ञात कीजिये ।

129 : 32 :: 109 : 27 :: 289 : ?

(a) 54 (b) 96 (c) 72 (d) 28

139. लुप्त संख्या (?) ज्ञात कीजिये यदि :: के दोनों तरफ में एक जैसा सम्बन्ध हो ।

WAITER : 242923 :: JUMPER : ?

(a) 312923 (b) 312623 (c) 302923 (d) 252923

140. दी गयी श्रृंखला में लुप्त संख्या (?) ज्ञात कीजिये :

198, 202, 211, 227, ?

(a) 236 (b) 252 (c) 275 (d) 245

141. L, G की बहन है, G, M का पुत्र है । M का विवाह D से हुआ है । D, E की बहन है । E, C का पुत्र है । C का विवाह S से हुआ है । S, P की बहन है । L का E से कैसा सम्बन्ध है ?

(a) पत्नी की बहन (b) भाई की पुत्री (c) बहन की पुत्री (d) पुत्री

Teachingninja.in

142. निम्नलिखित समीकरणों में संख्याओं 5 और 6 को परस्पर बदलने पर कौन सा विकल्प सही है ?

(I) $6 \times 7 + 8 - 5 \div 2 = 40$ (II) $7 + 6 \times 5 - 8 \div 2 = 30$

(a) (I) तथा (II) दोनों (b) केवल (I) (c) केवल (II) (d) न तो (I) ना ही (II)

143. $\left(\frac{1}{6^{-2}}\right) \times (81)^{-3/4}$ का मान बराबर है :

(a) $\frac{2}{3}$ (b) $\frac{3}{4}$ (c) $\frac{4}{3}$ (d) $\frac{1}{2}$

144. निम्न वेन आरेखों में से कौन सा आरेख दिये गये अवयवों के सही संबंध को दर्शाता है ?

मानव, पुरुष, पिता, भाई, माता, बहन

(a)  (b)  (c)  (d)

145. निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें और फिर निष्कर्षों का मूल्यांकन करें :

कथन :

(i) सभी कम्प्यूटर लेपटॉप हैं । (ii) सभी फोन लेपटॉप हैं ।

(iii) सभी लेपटॉप पेन हैं ।

निष्कर्ष :

(I) कुछ पेन फोन हैं । (II) कुछ कम्प्यूटर फोन हैं ।

(III) सभी फोन पेन हैं ।

(a) निष्कर्ष (I) एवं (II) दोनों अनुसरण करते हैं ।

(b) निष्कर्ष (I) एवं (III) दोनों अनुसरण करते हैं ।

(c) सभी निष्कर्ष (I), (II) एवं (III) अनुसरण करते हैं ।

(d) निष्कर्ष (II) एवं (III) दोनों अनुसरण करते हैं ।

146. छः मित्र A, B, C, D, E तथा F हैं । प्रत्येक के अलग-अलग भार 40 kg, 54 kg, 71 kg, 65 kg, 58 kg तथा 48 kg हैं जो कि किसी क्रम में नहीं हैं । अब यदि

(i) A, F तथा B से भारी है । (ii) C, A से भारी है, परन्तु D से हलका है ।

(iii) F केवल दो मित्रों से भारी है । (iv) B सबसे हलका नहीं है ।

निम्न में से कौन सा कथन उपरोक्त जानकारी के आधार पर सत्य है ?

(I) A का भार 54 kg है । (II) F सभी में तीसरा सबसे भारी है ।

(a) केवल (I) (b) दोनों (I) तथा (II)

(c) केवल (II) (d) (I) तथा (II) में से कोई नहीं

147. एक पिता की आयु अपने पुत्र से तीन गुना है । आठ वर्ष पहले पिता की आयु अपने पुत्र से पाँच गुना थी । पुत्र की वर्तमान आयु क्या है ?

(a) 12 वर्ष (b) 14 वर्ष (c) 16 वर्ष (d) 20 वर्ष

148. चार लड़के A, B, C और D एक ही मैदान में खड़े हैं । यदि B, A के 6 मीटर उत्तर में है, C, B के 3 मीटर पूर्व में है और D, A के 5 मीटर पश्चिम में है । तब C एवं D के बीच की न्यूनतम दूरी है :

(a) 9 मीटर (b) 10 मीटर (c) 8 मीटर (d) 11 मीटर

149. यदि दर्पण में दिखने वाला समय 11:40 बजे है, तो वास्तविक समय क्या होगा ?

(a) 1:20 बजे (b) 3:40 बजे (c) 12:20 बजे (d) 11:10 बजे

150. एक घड़ी हर घंटे 10 मिनट पीछे हो जाती है । यदि घड़ी को रविवार सुबह 7 बजे सही समय पर सेट किया जाता है तब वह घड़ी पुनः सही समय कब दिखायेगी ?

(a) अगले मंगलवार शाम 7 बजे (b) अगले बुधवार सुबह 7 बजे

(c) अगले शुक्रवार सुबह 7 बजे (d) अगले बुधवार शाम 7 बजे

Teachingninja.in